संक्षिप्त विज्ञापन

# राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर- 302018, दूरभाष नं. 0141-2722520

क्रमांकः प.14(138)RSSB/अर्थना/का. वि./प्रहरी/भर्ती/2024/ दिनांक :11.12.2024

## प्रहरी सीधी भर्ती-2024

बोर्ड द्वारा कारागार विभाग के लिये राजस्थान कारागार अधीनस्थ सेवा नियम 1998 यथा संशोधित एवं राजस्थान अनुसूचित क्षेत्र अधीनस्थ, मंत्रालयिक एवं चतुर्थ श्रेणी सेवा (भर्ती एवं सेवा की अन्य शर्तें) नियम, 2014 के अन्तर्गत निम्नलिखित पदों पर भर्ती हेतु निर्धारित प्रपत्र मे राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा योग्य अभ्यर्थियों से विज्ञापन में वर्णित शर्तो एवं निर्बन्धनों के अध्याधीन ऑनलाईन आवेदन पत्र (Online Application Form) आमंत्रित किये जाते हैं:

| पद का नाम | पद संख्या | वेतनमान | आयु (दिनांक 01.01.2026 को) | शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| प्रहरी | 803 (गैर अनुसूचित क्षेत्र के 759 एवं अनुसूचित क्षेत्र के 44) | पे मैट्रिक्स लेवल L-3 | न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 26 वर्ष | भारत में विधि द्वारा संस्थापित किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड के सैकेण्डरी या सरकार द्वारा समतुल्य घोषित अर्हता। |

**ऑनलाईन आवेदन व पंजीयन शुल्क भरने की अवधिः** ऑनलाइन आवेदन पत्र एवं पंजीयन शुल्क **दिनांक 24.12.2024 से दिनांक 22.01.2025** को रात्रि 23.59 बजे तक भरे जा सकेंगे। आवेदकों को सलाह दी जाती है कि अन्तिम दिनांक का इन्तजार किये बिना निर्धारित समय सीमा के भीतर ऑनलाइन आवेदन करें।

**परीक्षा आयोजनः** बोर्ड द्वारा प्रहरी के पदों पर भर्ती परीक्षा संभावित दिनांक 09.04.2025 10.04.2025 एवं 12.04.2025 को आयोजित करवाई जानी प्रस्तावित है। उक्त पदों पर भर्ती कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT)/ टेबलेट आधारित परीक्षा (TBT)/ ऑफलाईन (ओ.एम. आर.) आधारित परीक्षा आयोजित करवाई जानी प्रस्तावित है। परीक्षा के संबंध में विस्तृत सूचना बोर्ड की वेबसाईट एवं प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अलग से दे दी जायेगी। बोर्ड के पास परीक्षा की दिनांक एवं स्थान में परिवर्तन करने का अधिकार सुरक्षित है।

**अन्य बिन्दु व सूचनाः** पंजीयन शुल्क, आवेदन प्रक्रिया, शारीरिक मापदण्ड एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा, पदों का वर्गीकरण, आयु में छूट के प्रावधान, परीक्षा की स्कीम एवं पाठ्यक्रम इत्यादि की सूचना विस्तृत विज्ञापन में बोर्ड की वेबसाइट rssb.rajasthan.gov.in पर अलग से जारी किया जाएगा।

इस परीक्षा के संबंध में समय-समय पर जारी सूचनाओं को बोर्ड की उपरोक्त वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार के मार्गदर्शन/ सूचना हेतु राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर में स्थित स्वागत कक्ष पर व्यक्तिगत रूप से अथवा दूरभाष नं. 0141-2722520 पर सम्पर्क किया जा सकता है। समस्त पत्र व्यवहार सचिव, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर-302018 को सम्बोधित किया जावें।

(डॉ. बी.सी. बधाल)

सचिव

DIPR/C/12802/2024